राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–74/2024

राज्यपाल ने कुलपतियों के साथ बैठक की

पटना, 09 अप्रैल, 2024 :– माननीय राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बिहार राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ राजभवन में बैठक की तथा उन्हें विश्वविद्यालय एवं विद्यार्थियों के हित में कार्य करने एवं तदनुरूप व्यवहार करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षाएँ ससमय आयोजित करायी जायें ताकि बच्चों का भविष्य अंधकारमय नहीं हो।

बैठक में कुलपतियों ने बताया कि विश्वविद्यालय के बैंक खातों के संचालन पर रोक के चलते वेतन एवं पेंशन, आयकर, बिजली बिल, भविष्य निधि, एन०पी०एस० एवं दैनिक कार्यों के लिए व्यय के भुगतान के साथ–साथ परीक्षाओं के संचालन, उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन आदि कार्य भी बाधित हैं। उन खातों के संचालन पर भी रोक लगा दी गई है जिनमें सिर्फ विद्यार्थियों के पैसे हैं। इससे व्यावसायिक कोर्स (Vocational Courses) के संचालन बाधित हो रहे हैं। वर्तमान परिस्थिति में विश्वविद्यालय की गतिविधियों का संपादन मुश्किल हो रहा है।

बैठक में कुलपतियों ने बताया कि शिक्षा विभाग को उनके विरूद्ध कार्रवाई करने अथवा उनका वेतन आदि रोकने का कोई अधिकार नहीं है। नियमानुसार सिर्फ कुलाधिपति ही ऐसा कर सकते हैं, शिक्षा विभाग सिर्फ इसकी अनुशंसा कर सकता है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से ऐसा प्रचारित किया जा रहा है कि शिक्षा विभाग बिहार में उच्च शिक्षा को बेहतर करने का प्रयास कर रहा है, किन्तु राजभवन एवं कुलपति इसमें बाधक बन रहे हैं। कुलपतियों ने बताया कि विगत एक वर्ष से राजभवन एवं कुलपतियों के प्रयास से परीक्षाएँ ससमय आयोजित करायी जा रही हैं और सत्र नियमित किये जा रहे हैं। शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों को यह पसंद नहीं है और वे विचलित होकर इसमें बाधा डाल रहे हैं।

राज्यपाल ने कहा कि विगत एक वर्ष से विश्वविद्यालयों में परीक्षाएँ ससमय कराने एवं सत्र नियमित करने के लिए काफी प्रयास किए गए हैं और उनके अच्छे परिणाम भी मिले हैं, परन्तु शिक्षा विभाग के पदाधिकारीगण उच्च शिक्षा को बाधित करने की नीयत से इसमें व्यवधान उत्पन्न कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि बिहार की शिक्षा व्यवस्था फिर से पुरानी स्थिति में आ जाए। उन्होंने कहा कि राजभवन एवं शिक्षा विभाग के आपसी समन्वय एवं एक साथ मिलकर प्रयत्न करने से ही बिहार के शैक्षिक वातावरण को बेहतर बनाया जा सकता है।

राज्यपाल की अध्यक्षता में आहूत इस बैठक में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे। बैठक में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव को भी आमंत्रित किया गया था, परन्तु वे उपस्थित नहीं रहे।

....